श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक महोदय बरेली परिक्षेत्र बरेली डॉ0 राकेश सिंह द्वारा थाना दातागंज जनपद बदायूं में थाना समाधान दिवस पर जनसुनवाई करने तथा आकस्मिक निरीक्षण किये जाने के संबंध में।

आज दिनांक 26.08.2023 को श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक महोदय बरेली परिक्षेत्र बरेली डॉ0 राकेश सिंह द्वारा थाना दातागंज जनपद बदायूं में थाना समाधान दिवस पर जनसुनवाई की गयी तथा थाना दातागंज जनपद बदायूं का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । महोदय द्वारा थाना समाधान दिवस में जनसुनवाई की गयी व शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। थाना निरीक्षण के दौरान दिवसाधिकारी, सीसीटीएनएस कार्यालय, कार्यलेख, महिला हेल्प डेस्क व संतरी पहरा पर ड्यूटीरत अधि0/कर्मचारीगण मौजूद मिले। महोदय द्वारा थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, हवालात, मालग्रह, बैरक, आदि का मुआयना किया गया। महोदय द्वारा थाने का निरीक्षण कर साफ-सफाई तथा अभिलेखों के रखरखाव की प्रशंसा की गयी तथा थाना प्रभारी को थाने पर आगन्तुको की समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। थाने पर लगे सभी सीसीटीवी कैमर सुचारू रूप से कार्य कर रहे है। महिला हेल्प डेस्क पर अभिलेखो को जाँचा-परखा गया, जिसमें आवेदिका/आने वाली पीड़िता का नाम, पता, मो0नं0 एवं समस्या का स्पष्ट उल्लेख तथा समस्या के निराकरण हेतु की गयी कार्यवाही एवं समस्या के निदान का विवरण उल्लेखित पाया गया एवं CCTNS और IGRS प्रणाली में विगत माह में थाना स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त की गयी जिसके संबंध में श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र बरेली द्वारा संबंधित को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जायेगें। महोदय द्वारा थाना प्रभारी के कार्यो की सराहना की गयी । महोदय द्वारा समाधान दिवस रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, महिला बीट बुक रजि0, आईजीआरएस रजि0 तथा साईबर हेल्प डेस्क रजिस्टर आदि को चैक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। थाना समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रो को आईजीआरएस पोर्टल पर अपलोड करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये व समस्त अधि0/कर्म0गण को ड्यूटी के दौरान बाजार, सर्राफा दुकान, चौराहों, गली, नुक्कड़ों आदि पर सतर्क दृष्टि बनाये रखने तथा थाना क्षेत्र में सतर्कतापूर्ण भ्रमणशील रहते हुए पुलिस की सक्रियता बनाये रखने एवं नियमित रूप से बैंक चैकिंग, एटीएम चैकिंग, मुख्य चौराहों/ मुख्य मार्गो/ढाबों/ होटल/ बस स्टैंड/पेट्रोल पंप एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर चेकिंग तथा रात्रि गश्त करने तथा आम जनता से अच्छा व्यवहार करने व सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को कायम रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

सोशल मीडिया सेल

जनपद बदायूं ।